## खबर संक्षेप

### छात्रों को बताया गया जल संरक्षण का महत्व

**कटनी।** जिला स्तर पर विश्व जल दिवस और अर्थ आवर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत मिशन लाइफ के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने डांस के माध्यम से ऊर्जा बचाने और जल संरक्षण पर जागरूकता फैलायी। पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में जल और ऊर्जा की बचत के महत्व को बताया गया। बच्चों ने समूह में बैठकर जल संरक्षण और ऊर्जा बचाने के बारे में बातचीत की और एक खेल के रूप में इस संदेश को लोगों तक पहुंचाया। साथ ही, बच्चों ने हाथ धोने के सही तरीके को भी प्रदर्शित किया। स्काउट गाइड ने जनमानस को जल और अर्थ आवर के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट द्वारा कविता के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं और स्काउट गाइड से जल संरक्षण हेतु आवाहन किया। जल से निकली सृष्टि है जल जीवन आधार, जल बिन सूना सकल जग जल जीवन का सार। जल जीवन का सार व्यर्थ बहने से रोके। करें व्यर्थ जो नष्ट रात-दिन उसको टोकें। हम सब मिल लें शपथ सुरक्षित रखना यदि कल।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए बैठकों में हों शामिल

**कटनी।** चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देशभर में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ सीईओ, डीईओ और ईआरओ स्तर पर बैठकें की जा रही है। पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकें 31 मार्च, 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ बैठकों में शामिल होकर जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियतापूर्वक लाभ उठाने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को राज्य, जिला एवं क्षेत्र स्तर पर बैठकर कर लंबित प्रकरणों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने के निर्देश दिए गए थे।

### गर्भवती महिला से अभद्र व्यवहार कलेक्टर से शिकायत



**बरही।** तहसील में संचालित सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर के द्वारा एक गर्भवती महिला से न सिर्फ अमर्यादित व्यवहार किया गया बल्कि अस्पताल से चलता कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पूनम देवी शर्मा पति आशुतोष शर्मा 24 वर्ष निवासी बरही गर्भवती है तथा उनका अंतिम माह चल रहा है। वह जांच कराने डॉ. भारती के पास पहुंची लेकिन डाक्टर ने अपशब्दों का उपयोग करते हुए महिला को चलता कर दिया गया। पति के साथ कलेक्टर के पास पहुंचकर महिला ने लिखित शिकायत देकर आप बीती बताई और जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

---

## ढीमरखेड़ा तहसील के टोपी गांव में ग्रामीणों की समस्या, महिलाओं ने कहा नदी, तालाब से लाकर पी रहे पानी

# काट दी बिजली : गांव में छाया अंधेरा, पानी तक के लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



एक तरफ सरकार हर घर पीने का पानी पहुंचाने और गांव गांव तक बिजली पहुंचाने का दावा कर रही हैं।वहीं दूसरी ओर बड़वारा विधानसभा के टोपी गांव में रहने वाले लोग बिजली और पानी के लिए परेशान है। गांव में हालात यह है कि बिजली और पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे है। महिलाएं और बच्चे नदी और तालाब से पानी भरकर ला रहे हैं। वहीं गंदा पानी पीने से कई लोग बीमार भी हो गए है।

### शिकायतों का कोई असर नहीं

गांव में बीते एक सप्ताह से समस्या विकराल हैं। बिजली विभाग के अधिकारी गांव की बिजली कट कर दिया है।कृषि के लिए लगाया गया ट्रांसफार्मर तो बीते करीब चार वर्षों से बंद पड़ा है।गांव के अनेकों ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई है।

### ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

टोपी गांव ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घुघरा का आश्रित गांव हैं। यहाँ करीब पांच सौ लोंगो की आबादी है। गांव के शिवचरण पटेल, रणजीत पटेल,सुशील पटेल,सुरेंद्र दाहिया,द्वारिका पटेल, नतेन्द्र पटेल,केशव पटेल, राजकुमार पटेल, अनुज पटेल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वर्षों से बिजली पानी की समस्या बनी है, लेकिन बीते एक सप्ताह से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। गांव में लोगों को बिजली मिले, इसके लिए 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा है, लेकिन सप्ताह भर पहले बिजली विभाग के अधिकारी गांव पहुँचे और पूरे गांव की बिजली कट कर दिया। जिससे ग्रामीणों को बिजली के साथ पानी के लिए भी परेशान होना पड़ता है। गांव खेतों और पहाड़ से सटा हैं। जीव जंतुओं के कारण रात के समय तो ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ रहता है। घरों में मोमबत्ती और टार्च के सहारे लोग रातें काट रहे है। बिजली न होने से ग्रामीणों के कामकाज के अलावा जनजीवन भी प्रभावित हो गया है।

### एक किमी दूर से ला रहे पानी

गांव में रहने वाली मालती बाई पटेल,मधु लोधी, सुनीता लोधी, लक्ष्मी लोधी,अहिल्या यादव, अनीता लोधी, कल्लू लोधी,आशा बाई यादव,आकांक्षा लोधी,प्रिया लोधी सहित अन्य महिलाओं और बालिकाओं ने बताया कि गांव की बिजली कटने से पूरे गांव में बिजली तो नहीं है। इसके साथ पानी की समस्या भी हैं। पानी के लिए महिलाओं को ज्यादा परेशान होना पड़ता है। हमें एक किलोमीटर दूर कछारगांव छोटा के समीप तालाब और घुघरा के पास बेलकुण्ड नदी से पानी भरकर लाना पड़ता है। गांव में सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी और मढ़ियाा के पास अलग अलग तीन हैंडपंप लगे हैं। तीनों हैंडपंप बंद पड़े हैं। शिकायत के बाद में जिम्मेदार लोग सुधार नहीं करा रहे है। इस कारण गांव में ग्रामीणों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि शाम ढलते की घर के बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया।बिन बिजली के खाना बनाने तक में दिक्कत होती है। गांव में अनेकों लोगों शिकायत किया है, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।



गांव से एक किलोमीटर दूर खेतों के बीच कछारगांव छोटा के पास बने तालाब से पानी लेने जाते हैं। गांव में कहीं पानी नहीं मिलता है। बिजली न होने से यहाँ के विद्यार्थी रात के समय पढ़ाई नहीं कर पाते हैं।

**-प्रिया लोधी**



तालाब और नदी के पानी से ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे है।जिससे उनके बच्चे बीमार पड़ रहे हैं।महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।बिजली न होने से गांव में पानी के लिए कोई दूसरा साधन नहीं बचा है। बच्चों के साथ बुजुर्ग महिलाएं तो ज्यादा परेशान हो जाती हैं। गांव के लोगों ने शिकायत की लेकिन हमारी कोई सुनने वाला नहीं है।

**-मालती बाई पटेल**



गांव में बिजली और पानी की समस्या से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। बिजली के बगैर दिन तो कट जाता है, रात में ज्यादा परेशानी होती है। पानी के लिए सभी को तरसना पड़ता है। लोग नदी तालाब के पानी से प्यास बुझा रहे हैं। 50 वर्ष पहले जिस प्रकार लोग नदी, झील, नालों पर निर्भर थे, ठीक उसी प्रकार आज भी गांव के लोग नदी तालाब पर निर्भर हो गए है।

**-शिवचरण पटेल**

### इनका कहना है

इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता उमरियापान वीरेन्द्र उईके ने बताया कि टोपी गांव में ग्रामीणों का करीब 3 लाख रुपये से ज्यादा का बिल बकाया है। ग्रामीण बिजली बिल जमा नहीं कर रहे है। इस कारण गांव में बिजली नहीं है। जैसे ही ग्रामीण बिजली बिल जमा करेंगे, वैसे ही बिजली चालू कर दी जाएगी। दो दिनों में कुछ लोगों ने बिजली बिल जमा किया है।

---

*खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपर कलेक्टर ने की कार्यवाही*

# दाल एवं बेसन मिल के संचालक पर एक लाख रूपए का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ खेसरी दाल की मात्रा बटरी दाल में दो प्रतिशत से अधिक पाये जाने पर अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयक अधिकारी साधना परस्ते ने जिले के फर्म कटनी दाल एवं बेसन मिल के संचालक रजत जैन इंडसट्रियल एरिया लमतरा के विरुद्ध एक लाख रुपए के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है।

### प्रतिबंधित खाद्य पदार्थ की मात्रा मिली अधिक

नमूना जांच हेतु खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। वहां से प्राप्त जांच प्रतिवेदन में बटरी दाल के नमूने में प्रतिबंधित खाद्य पदार्थ खेसरी दाल की मात्रा दो प्रतिशत से अधिक पाई गई। इस आधार पर विक्रेता रजत जैन के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक और मानक अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर दंड का भागीदार पाया गया और एक लाख रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया गया।

### यह हुई थी कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने 19 दिसंबर 2022 को लमतरा स्थित इंडसट्रियल एरिया के प्लाट नंबर 67,68 में संचालित कटनी दाल एवं बेसन मिल का खाद्य कारोबार कर्ता रजत जैन की मौजूदगी में निरीक्षण किया था।

इस दौरान यहां 50 बोरियों में पैक किया हुआ बटरी दाल का संग्रह किया जाना पाया गया। संबंधित के पास एफ एस एस ए आई लाइसेंस पाया गया। यहां से बटरी दाल का नमूना लिया गया और पंचनामा बनाया गया।

### तो लायसेंस होगा निरस्त

अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य ,104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य अपमिश्रण एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। न्याय निर्णायक अधिकारी ने अधिरोपित शास्ति की राशि 30 दिवस में जमा करने की समय सीमा तय की है। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 96 के तहत लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

---

## बच्चों को जल का महत्व बता संरक्षण के लिए किया प्रेरित




विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कटनी में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह एवं विभा श्रीवास्तव मूल्यांकन पर्यवेक्षण अधिकारी, एम. किडो प्राचार्य, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विश्व जल दिवस मनाया गया एवं जल संरक्षण, ग्लेशियर संरक्षण पर सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वरचित पंक्तियाँ अल संरक्षण पर सुनाई गई। जल से निकली सृष्टि है जल जीवन आधार। जल बिन सूना सकल जग, जल जीवन का सार। जल जीवन का सार, व्यर्थ बहने से रोकें, करें व्यर्थ जो नष्ट रात दिन उसको टोंकें। हम सब मिल ले शपथ, सुरक्षित रखना यदि कल। संरक्षित कर बूंद बचाये बूंद-बूंद जल।

---

# उपभोक्ता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन यू. के सोनकर न्यायाधीश जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भी हरिशंकर शुक्ल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य और अखिल भारतीय उत्थान संगठन कटनी के द्वारा इस संदर्भ में एम ओ यू साइन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष, प्राचार्य एवं समस्त अतिथिजनों के द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसी क्रम में कु. ज्योत्सना सोनी ने मॉ सरस्वती के चरणों में सुमधुर संगीत प्रस्तुत किया। अतिथि स्वागत की श्रृंखला में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन अध्यक्ष हरि शंकर शुक्ल एवं प्राचार्य डॉ. एम. पी. यादव ने माल्यार्पण द्वारा मुख्य अतिथि यू. के. सोनकर न्यायाधीश जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया गया।

उद्बोधन के क्रम में न्यायाधीश श्री सोनकर ने उपभोक्ता फोरम से संबंधित नियमों कानूनों को समझाया, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986, 2019 के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

---

*जिला सीईओ ने की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा*

# सर्वे कार्य में कोताही मिलने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस मौके पर 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत किए गए कार्य, गौशाला के प्रस्ताव, प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे की समीक्षा सहित वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले कार्यों की योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अधीनस्थ अमले को वर्ष 2020-21 से 2023- 24 तक अधो संरचना, पेयजल , स्वच्छता के स्वीकृत कार्य समय पर एवं गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए ।प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे कार्य को समय सीमा पर पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए गए ।श्री गेमावत ने इस बात के भी सख्त निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही सर्वे से वंचित न रह जाए। लापरवाही किए जाने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी गई ।

सीईओ ने यह भी निर्देश दिए की सभी जनपद पंचायतें पांचवा वित्त मद की कार्य योजना तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें । गौशाला के प्रस्ताव एवं खसरा नक्शा सहित पारित प्रस्ताव के संबंध में गति लाने के भी निर्देश दिए गए। शिकायत शाखा, कोर्ट केश एवं समय सीमा बैठक के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में जिले की सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एपीओ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयक , एसबीएम के विकासखंड समन्वय एवं समस्त शाखों के शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

---

## प्राकृतिक एवं जैविक खेती हेतु अति उपयोगी है सोलर लाइट ट्रेप

# डा. संजय वैशंपायन द्वारा विकसित सोलर लाइट ट्रैप को मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी (जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर ) के कृषि वैज्ञानिको ने किसानों के हित में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरांवित किया है। दरअसल सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच का निर्माण कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। सोलर इन्सेक्ट ट्रैप (सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच) का भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा डिजाइन के पंजीकरण का प्रमाण पत्र डॉ. संजय वैशंपायन, मनोज गंगराडे एवं अरूण कुमार पटेल के नाम से प्रदान किया गया है। इस बड़ी उपलब्धि पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि यह सोलर इन्सेक्ट ट्रैप हर छोटे-छोटे किसानों तक पहुंचेगा और उनके लिये कीट प्रबंधन हेतु कारगर सिद्ध होगा। इसके उपयोग से किसानों की आय बढ़ेगी साथ ही कीटनाशक की लागत में भी कमी आएगी।

### यह है खासियत

सोलर एनर्जी आधारित लाइट ट्रेप तैयार करने वाले कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक के प्रमुख डॉ. संजय वैशंपायन ने लाइट ट्रैप मॉडल एसएमवी 19 की विशेषताओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया कि अल्ट्रा वायलेट-ए एलईडी कीटों को नुकसान पहुंचाने वाले पौधों के वयस्कों को पकडने के लिए प्रकाश तकनीक और कीट माइक्रोकंट्रोलर आधारित ऑपरेशन ऑटो सूर्यास्त के बाद चालू हो जाता है और स्वचालित रूप से 4 घंटे बाद बंद हो जाता है। डिवाइस को संचालित करने के लिए बिजली की आवश्यकता नहीं है। आपने बताया कि यह यंत्र जल्द ही किसानों को उपलब्ध होगा।

### पहली बार मिला पेटेंट

संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक के द्वारा प्रथम बार किसी प्रोडक्ट के लिये पेटेंट प्राप्त हुआ है, जो कि कृषि वैज्ञानिकों के लिये हर्ष का विषय है। इस यंत्र द्वारा प्राकृतिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती में कीट प्रबंधन हेतु इसका उपयोग हो सकेगा। सौर ऊर्जा चलित प्रकाश प्रपंच के पेटेंट प्रमाण पत्र मिलने के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख को अटारी-आईसीएआर के निदेशक डॉ. एस.आर. के. सिंह, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी. के. कौतु संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा. आईबीएम के संचालक डॉ. मोनी थॉमस, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस. द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान कटनी के वैज्ञानिक डॉ शशि गौर,डॉ यतिराज खरे डॉ आर के मिश्रा, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव,डॉ आर पी बेन, डॉ, के पी द्विवेदी, डॉ संदीप चंद्रवंशी एवं प्रियंका धुर्वे ने बधाई दी।

**Kids Care Group of Schools**

**Recruitment Announcement**

Walk-in interviews for qualified candidates to join our team of educators for the following teaching position :

- English (PRT, PGT)
- Economics Teacher (PGT)
- Sports Teacher (B.P.Ed)
- Social Science Teacher (TGT)

**Interview Details :**
Date & Time:March 25, 2025, 10:00 am

**Venue:**
Kids Care Higher Secondary School
Tilak College Road, Katni

**For more information:**
Contact us at: 7000942437, 7897244744

**खबर संक्षेप**



## 12वीं में टॉप करने वाली छात्रा को मिली स्कूटी

**सिलौंडी।** सिलौंडी शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में टॉप करने वाली पूनम राय पिता शशिकांत राय को को स्कूटी मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच पंचों संतोष कुमार, उपसरपंच राहुल राय,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत राय, जिला मीडिया प्रभारी अमित राय, जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी के मुख्य अतिथि में प्रदान की गई। इस अवसर रजनीकांत राय,प्राचार्य विशाल वरकडे, जनशिक्षक संतोष बर्मन, तुलसी नामदेव , अशोक हल्दकार, श्वेता जैन सहित स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही है । कन्या स्कूल में 25 छात्राओ को शासन की योजना के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक अंक होने से लैपटॉप की राशि भी मिली है ।

## चार दुकानों के ताले तोड़ चोरो ने किया हाथ साफ

**कटनी।** उमरियापान थाना क्षेत्र में सक्रिय चोर बदमाशों ने एक साथ कई दुकानों के ताले चटकाए। जानकारी के अनुसार नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक में कंधी, संजू चौरसिया की पान दुकान का चोरों ने टाला तोड़ा और 1 हजार रुपये नगद और सिगरेटए राजश्री सहित करीब 10 से 12 हजार रुपये का सामान ले कर चलते बने। इसी तरह झंडा चौक में ही अशोक चौरसिया की चाय दुकान से भी राजश्री, विमल, खाने के पैकिट वाले आइटम और पूरी कांच की ग्लास सहित करीब 1500 रुपये के सामान की चोरी करके चलते बने। वहीं घुंचा चौरसिया की पान दुकान का और छोटू चौरसिया की होटल का भी चोरों ने ताला तोडन्ने में तो सफल रहे लेकिन सामान चोरी नहीं कर पाए। मानो इस दौरान चोरों को किसी के आने की आहट सुनाई दे गई हो और भाग खड़े हुए हों। सुबह सभी दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो जैसे ही दुकानों के ताले टूटे देख हैरान रह गए। कंधी चौरसिया ने पुलिस थाने पहुंचकर दुकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अज्ञात चोर नगर में लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। लगातार की वारदातों से पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

## चेट्रीचंड महोत्सव के तहत निकाली प्रभातफेरी

**कटनी।** चेट्रीचंड महोत्सव की कड़ी में शनिवार को सिंधी समाज के ईस्ट देव भगवान झूलेलालजी की प्रभात फेरी निकाली जा रही है। यह प्रभातफेरी सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में आयोजित हुई। सदस्यों के द्वारा प्रातः कालीन ब्रह्म मुहूर्त में आदर्श सिंधु समिति दुबे कॉलोनी आगमन हुआ। सिंधी समाज के सभी घरों में अपनी इष्ट देव की पूरे उत्साह के साथ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। महाआरती की गया। तत्पश्चात ऊर्जावान पदाधिकारी चिराग पंजवानी के दुबे कॉलोनी निवास पर भंडारे का आयोजन भी आदर्श सिंधु सोसायटी द्वारा दुबे कॉलोनी में किया गया जिसमें समाज के अलावा हर वर्ग के जनमानस ने गुरु प्रसाद प्राप्त किया। विश्व कल्याण की कामना करते हुए ईष्ट देव की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए महाआरती कर सभी के लिए सुख, संपत्ति, समृद्धि की कामना की गई। इस आयोजन में हर वर्ग के लोग शामिल हुए।

## विश्व जल दिवस पर किया गया श्रमदान

**कटनी।** बहोरीबंद में नवांकुर संस्था – जन कल्याण शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण समिति ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति – पथ पिपरिया, एवं संस्कार युवा सेवा समिति के सहयोग से शनिवार को विश्व जल संरक्षण दिवस पर ग्राम पंचायत पथ पिपरिया में जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान तथा संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भूता तालाब के सहायक नाले में 30 बोरी का श्रमदान कर जल प्रवाह को नियंत्रित करने हेतु बंधान किया गया। साथ ही सफाई की गई। इस अभियान में अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, प्रस्फुटन समिति पथ पिपरिया से मनोज कुमार, राकेश चौधरी आदि शामिल रहे।

### ढीमरखेड़ा के सिलौंड़ी क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

# बिजली बिल जमा नहीं किया तो बाइक व ट्रैक्टर उठा ले गए, बंद कराई चक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

बिजली विभाग के अधिकारी बकायदारों से सख्ती से वसूली कर रहे है। जिन उपभोक्ताओं ने बिजली बिल जमा नहीं कराया हैं, उनके कनेक्शन काटने और जब्ती-कुर्की की कार्रवाई की जा रही है। ढीमरखेड़ा के सिलौंड़ी क्षेत्र में शनिवार को विधुत विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बिजली बिल बकायादारों पर हड़कंप मचा है।जिनके बिजली बिल जमा नहीं है विभाग के अधिकारियों ने ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल उठाकर ले गए।इतना ही नहीं आटा चक्की दुकान को भी बंद कराया है।

## इन पर की गई कार्यवाही

सिलौंडी क्षेत्र के लालपुर में मदन लाल खटीक का 33150 रुपये बिजली बिल बकाया हैं। जिस पर अधिकारियों ने बिजली कनेक्शन काट दिया, साथ ही आटा चक्की की दुकान को सील किया है।वहीं गूंडा में मुन्नी लाल लोनी के पंप कनेक्शन का 29104 रुपये और उनके बेटे मनरमन लोनी का 12853 रुपये का बिल बकाया होने पर विभाग के अधिकारी ट्रैक्टर को ही जब्त कर लिया है। वहीं गूंडा गांव के ही गोरेलाल लोनी का 13235 रुपये बिल बकाया होने पर मोटरसाइकिल जप्त की गई। कार्रवाई में सहायक अभियंता शेख अकील खान,उमरियापान कनिष्ठ अभियंता वीरेन्द्र उइके, सिलौंड़ी कनिष्ठ अभियंता मजहर अली के अलावा सहायक परीक्षण कमलेंद्र सिंह, लाइनमैन मनीष तिवारी के अलावा मीटर वाचक और विभागीय स्टाफ शामिल रहा।









# महिला के पास से जब्त की गई 60 लीटर कच्ची शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बिलहरी चौकी पुलिस ने एक महिला के पास से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब जब्त की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय ने टीम के साथ की है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला ग्राम करहिया कला में तालाब के पास अवैध कच्ची महुआ की शराब बेचने की फिराक में खड़ी है। मुखबिर कि सूचना पर चौकी प्रभारी द्वारा तत्काल थाना कुठला से उप निरीक्षक मेघा मिश्रा को मुखबिर सुचना से अवगत कराकर चौकी बिलहरी में आमद कराकर अपनी टीम के साथ रवाना किया गया। 40 वर्षीय महिला आरोपी के कब्जे से 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुवा शराब कुल कीमत 24,000 रूपयें की जब्त की गई। पूछतांछ में महिला आरोपी ने बताया कि उपरोक्त शराब वह स्वयं तैयार कर बेचने हेतु खड़ी थी। आरोपिया के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट ताहि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा थाना प्रभारी कुठला, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी, आर सौरभ जैन, आरक्षक संदीप भलावी, आरक्षक विकास कुमार, आरक्षक संदीप भलावी, सैनिक धनेन्द्र त्रिपाठी की भूमिका रही।

### गठित उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा कार्य की निगरानी

# जिले के 32 केन्द्रों में 1364 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, सात छात्र रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल की हायर सेकंडरी 12 वीं कक्षा की बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी, कृषि एवं होमसाइंस विषय की परीक्षा शनिवार को जिले के 32 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। कलेक्टर के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता दलों द्वारा परीक्षा की निगरानी करने की वजह से कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए गठित निरीक्षण दलों का परीक्षा केन्द्रों के लिए गठन किया गया।

परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल प्रेषित की गई। परीक्षा प्रभारी राजेश अग्रहरि ने बताया कि शनिवार की परीक्षा में 1371 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था। लेकिन 1364 परीक्षार्थियों ने ही बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी, कृषि एवं होमसाइंस विषय की परीक्षा दिया। इस प्रकार 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी के प्रश्न पत्र में सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन एवं प्राचार्य आलोक पाठक के दल ने परीक्षा केंद्रों ओ एफ के कटनी, कुंदन दास कटनी, उत्कृष्ट कटनी, माडल विद्यालय कटनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई! परीक्षा में नकल का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। सभी परीक्षा केन्द्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होने के चलते बाह्य भीड़ एवं तत्वों की भीड नही दिखाई दी।



## बाइक सवार युवक से 50 हजार का गांजा किया जब्त



गांजा तस्करी कर रहे बाइक सवार एक युवक को कुठला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मुखबिरों से सूचना मिलने पर ग्राम बिरुहली निवासी एकुल आदिवासी को रोककर उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान एक बोरी में 4 किलो 392 ग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। जिसकी कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक टीव्हीएस राइडर मोटर साइकिल से गांजा की डिलिवरी देने के लिए जा रहा था। तभी उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# जल संरक्षण के लिए छोटे छोटे प्रयास भी उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व जल दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। यह आयोजन जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिसमें विशेष रूप से 4 एमपी सीओ वाय एनसीसी यूनिट, कटनी के कैडेट्स ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने जल संरक्षण के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए रंग-बिरंगे और अर्थपूर्ण पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों के माध्यम से उन्होंने जल की महत्ता, इसके संरक्षण के तरीके और दैनिक जीवन में पानी की बर्बादी को रोकने के उपायों को दर्शाया। कैडेट गौरी बहल ने विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने आसपास के क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए उपयोगी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे वर्षा जल संचयन, नल के अनावश्यक उपयोग को रोकना और पौधों की सिंचाई के लिए पुनर्चक्रित पानी का प्रयोग, पर्यावरण संतुलन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

इस कार्यक्रम में, एनसीसी प्रभारी डॉ. स्मिता यादव, सोनिया कश्यप, आरती वर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, के.जी. सिंह, डॉ. पी.सी. कोरी के.जी. सिंह, आंजनेय तिवारी, सहित अन्य शिक्षकगण और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कैडेट्स और शिक्षकों की सराहना की।

यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि भावी पीढ़ी को जल संरक्षण की दिशा में प्रेरित करने वाला एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।



### जन अभियान परिषद के तत्वाधान में चला सफाई अभियान

# जल स्त्रोतों की सफाई एवं संगोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के निर्देशन, विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के मार्गदर्शन, नवांकुर संस्थाओं के सेक्टर प्रभारियों और परामर्शदाताओं के नेतृत्व में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड कटनी के सभी पांचो सेक्टर मझगवां फाटक, केलवारा कला ,कन्हवारा, पहाड़ी और हीरापुर कौडिया के प्रस्फुटन ग्रामों में नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम में अध्यनरत छात्र-छात्राओं परामर्शदाताओं, समाजसेवी संगठनों के सहयोग से विकासखंड स्तरीय आदर्श ग्राम बंडा, सहित ग्राम बोहता, कन्हवारा, डिठवारा, खमतरा, हरदुआ, सुमेली, देवडोंगरा, एवं कटनी शहर के विभिन्न वार्डों में जल संरक्षण जागरूकता हेतु संगोष्ठी, दीवार लेखन, रैली, शपथ, सहित जल स्त्रोतों की साफ सफाई और गहरीकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परिषद के क्षेत्रीय अमले के द्वारा आगामी समय में होने वाले जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण को बढ़ावा देने से संबंधित जानकारी देते हुए अधिकतम वर्षा जल संचयन हेतु घर-घर में सोख्ता गड्ढों के निर्माण बनाने का आह्वान किया, साथ ही ग्राम वासियों के द्वारा जन सहयोग से आगामी 30 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों नदियों, तालाबों, कुआं, बावड़ी, आदि की साफ सफाई, गहरीकरण, सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने हेतु आह्वान किया ।

इस अवसर पर समाजसेवी केशव तोमर,बृजेश नामदेव, नवांकुर संस्थाओं से मनीष पांडेय, अनिल गौतम, स्वाधीन शुक्ला अवधेश तोमर, हीरामणि हल्दकार , देवेंद्र हल्दकार , सतीश तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य गण राजू यादव, बाबू श्याम कोल, जनपद सदस्य नंदलाल कोरी, परामर्शदाता अमित तिवारी, रामानुज पांडेय , श्रीमती संयोगिता मिश्रा, विनीत सोंधिया,सहित बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता रही



### जिले में 100 दिवसीय निक्षय अभियान 24 मार्च तक चलेगा

# 965 टीबी मरीजों की हुई पहचान, प्रदान की गई पोषण आहार बास्केट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत के तहत कटनी जिले में 100 दिवसीय निक्षय अभियान 7 दिसंबर 2024 से संचालित है,जो 24 मार्च तक चलेगा।

जिले में संचालित 100 दिवसीय टी बी मुक्त अभियान के तहत की लोगों की ,की गई स्क्रीनिंग के बाद अब तक 965 टी बी मरीजों की पहचान कर, उन्हें निःशुल्क दवाईयां और चिकित्सकीय परामर्श के साथ- साथ पोषण आहार बास्केट भी प्रदान की गई है।

## फूड बॉस्केट किया प्रदान

जिला चिकित्सालय में कलेक्टर की मौजूदगी में अदाणी फाउंडेशन कैमोर सीमेट वर्क्स द्वारा टी बी मरीजों की जांच हेतु सोशल कारपोरेट रिस्पांसिबिलिटी के तहत एक पोर्टेबल एक्सरे मशीन सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के लिए तथा 200 टी बी मरीजों के लिए फूड बॉस्केट प्रदान किया।



## इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत , डॉ. राजेश अठ्या मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , डॉ. यशवंत वर्मा सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय , राज्य क्षय मुख्यालय भोपाल से उप संचालक डॉ. निधि शर्मा, डॉ. शैलेंद दीवान जिला क्षय अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थितियों में अतुल दत्ता, चीफ प्लांट मैनेजर, अदाणी सीमेंट बिजनेस कैमोर द्वारा पोर्टेबल एक्सरे मशीन सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के लिए प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में डॉ. डीजे मोहंती, डॉ. शोभा चौधरी, डॉ. पंकज बुधोलिया, डॉ. विनोद कुमार बीएमओ विजयराघवगढ़ सहित अन्य खंड चिकित्साधिकारी, अदाणी फाउंडेशन के दिनेश पाठक, एनेट फलोरी विश्वास, पंकज द्विवेदी, विशाल, पीयूष लाल सहित सीएमचओ सहित जिला क्षय केंद्र, कटनी के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## ताकि जल्दी स्वस्थ हो मरीज

इस मौके पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कटनी को टी बी मुक्त बनाने के प्रकल्प में सहभागी बनने दानदाताओं, स्वैच्छिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता का आव्हान करते हुए टीबी मुक्त कटनी बनाने की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी टीबी मरीजों को पोषण आहार की बास्केट अवश्य दिलाना सुनिश्चित हो, ताकि इलाज के लिए दी जाने वाली दवाइयों के साथ - साथ मरीजों को न्यूट्रीशनल वैल्यू युक्त पोषण आहार मिल सके । इससे टी बी मरीजों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होगा और वे जल्दी ही रोग मुक्त हो सकेंगे।

# लापता बालिका को जालना महाराष्ट्र से किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही एवं कुठला पुलिस ने दो लापता बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। यह कार्यवाही ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा अपहृत बालक / बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ उमराव सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । टीम द्वारा थाना बरही के अप. क्र. 98/2025 धारा 137(2) बी. एन. एस. के अपर्हत बालिका को थाना तालुका जिला जालना महाराष्ट्र जाकर से दस्तयाब किया गया है । दस्तयाबी उपरांत अपर्हत बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया । कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, प्र.आर. सतीश हल्दकार,आर. सुनील मरकाम साइबर सेल से आर प्रशांत विश्वकर्मा, अजय की मुख्य भूमिका रही।

## बालिका को किया दस्तयाब

इसी तरह थाना कुठला के अपराध में गुमशुदा बालिका को उप निरीक्षक सौरभ सोनी द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दस्तयाब किया गया। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने कुठला पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही मे निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक सौरभ सोनी, महिला प्रधान आरक्षक सविता तिवारी, प्रधान आरक्षक नन्दकिशोर अहिरवार, आरक्षक अजय पाठक एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### जरूरतमंदों को जिला चिकित्सालय पहुंचकर किया रक्तदान

**दमोह।** महामाया रक्तदान एवं जन कल्याण समिति के द्वारा तीन यूनिट किया रक्तदान जिला चिकित्सालय पहुंचकर पहले रक्तदान गोविंद सिंह ठाकुर जी ने ओ पॉजिटिव दूसरा रक्तदान राकेश सिंह लोधी ए-पॉजिटिव, तीसरा रक्तदान आकाश अग्रवाल ओ-पॉजिटिव किया। रक्तदान और समिति के अध्यक्ष अखिलेश रजक जी ने बताया उन रक्तदाताओं का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपना रक्त देकर कई लोगों को जीवन दान दिया है और सभी युवा दोस्तों से अनुरोध किया है। जब भी मौका मिले रक्तदान जरूर करें समिति के सहयोगी सिविल सर्जन रविंद्र ठाकुर, डॉक्टर अमित प्रकाश जैन, कवित्री डॉक्टर प्रेमलता नीलम, आशीष रजक, रवि ठाकुर, दम्मू रजक, तिरपाल सिंह ठाकुर, दीपक जैन, उषा यादव, सौरभ खरे, मनोज जोशी, अनुपम खरे, सुमन चाढ़ार की मौजूदगी रही।

### कैंसर पीड़ित को उपचार दिलवाने की मदद

**बनवार।** जबेरा जंप की सगरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अमन जैन ने एक महान कार्य किया है! उन्होंने जिला प्रशासन और मंत्री धर्मेंद्र सिंह जी से सहयोग लेकर कैंसर पीड़ित कन्हैया लाल यादव को कैंसर अस्पताल भोपाल पहुंचाया। यह एक बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है सरपंच की भूमिका ग्राम पंचायत के विकास के साथ दुख दर्द लोगों मदद करने का अमन जैन ने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने न केवल कन्हैया लाल यादव को चिकित्सा सहायता प्रदान की, बल्कि उन्हें सही समय पर उपचार भी मिल सका।

एक जिला एक उत्पाद एवं आत्मा योजनांतर्गत कृषि विज्ञान मेला संपन्न

# ओलावृष्टि से नुकसान का सर्वे के बाद आंकलन करके नियमानुसार राहत दी जायेगी-राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के कुछ गांवों में ओलावृष्टि हो गई है, इस दुख की घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है, उनके दुःख बांटने के लिए खड़ी है। जिला कलेक्टर से कहा है जहां पर भी ओलावृष्टि हुई है वहां पर सर्वे कराया जाए और सर्वे में नुकसान का आंकलन किया जाए। आज जिला कलेक्टर ने भी गांव पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया है, कुंडलपुर के आसपास 8-10 गांव में काफी नुकसान है, दुखद है कि आई फसल जो कुछ ही दिनों में कटने वाली थी उसका नुकसान हो गया है, जिन भी किसान भाइयों को नुकसान हुआ है, प्रशासन सर्वे कर रहा है, आंकलन कर रहा है, जो भी नियमानुसार होगा निश्चित रूप से कार्रवाई करके उन्हें राहत पहुंचाने का काम किया जाएगा। यह बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने दमोह कृषि उपज मंडी में आयोजित एक जिला एक उत्पाद एवं आत्मा योजनांतर्गत कृषि किसान मेला में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं गौ पूजन कर किया गया। इस मौके पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भावसिंह लोधी, खरगराम पटैल, गौरव पटैल, कपिल शुक्ला, रामेश्वर चौधरी, राजेन्द्र बिदौल्या, प्रेमचंद पटैल गुड्डू भैया ,नर्मदा सिंह एकता, एसडीएम आरएल बागरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा सीता नगर के पास में 515 एकड़ जमीन पशुपालन विभाग के नाम से स्थानांतरित कर दी गई है, लगभग 20-25 करोड़ की लागत से गौशाला बनेगी, एक महीने के भीतर गोकुल गौशाला जिसमें 10 हजार से अधिक गौवंश रहेगा, उसे अप्रैल के महीने में ही शुरू किया जायेगा। इतनी सुंदर और अच्छी गौशाला बनाई जायेगी कि लोग वहां पिकनिक मनाने आएंगे बच्चों का जन्मदिन मनाने आएंगे। वहां पर गौवंश की भी बहुत अच्छे से सेवा होगी, वहाँ पर गैस बनाने की अनुमति भी दी गई है, साथ में गोबर गैस संयंत्र नए तरीके से साथ बनाया जा रहा है, सोलर प्लांट भी लगाया जायेगा, जिससे बिजली भी बनेगी। गौशाला में गौवंश की नस्ल सुधारने का काम भी किया जायेगा, जब नस्ल सुधारेंगे तो दुग्ध उत्पादन अच्छा होने लगेगा। गोकुल गौशाला बनने से मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले तीन-चार सालों के अंदर पूरे प्रदेश में आवारा गौवंश नजर नहीं आएगा । जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने कहा एक जिला एक उत्पाद के तहत यहां पर प्रदर्शनी लगाई गई है, यह प्रदर्शनी किसान भाइयों के लिए लगाई गई है, प्रदर्शनी में नई-नई टेक्नालॉजी के माध्यम से कैसे खेती करना है, के बारे में सिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा सभी किसान जैविक खेती करें, क्योंकि हम कहीं ना कहीं रसायन का उपयोग कर रहे हैं जिससे हम बीमारियों की ओर जा रहे है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज कृषि मेला यहाँ पर लगाया है, लगातार कृषि मेले लगा रहे हैं और कृषि मेले लगाने का उद्देश्य बिल्कुल सिंपल है, कि हमारे किसान भाई पूरे जिले से यहाँ पर आए और देखें कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए देश और दुनिया में कौन-कौन सी नई तकनीकी आ गई है। अलग अलग तरीकों से खेती को और बेहतर बना सके, खेती फायदे का धंधा बना सके, इस दृष्टि से यह कृषि मेला आयोजित किया गया है। इस मेले में पशुपालन राज्यमंत्री जी और सभी जनप्रिनिधिगणों ने अपना मार्गदर्शन इस मेले में दिया है। उन्होंने कहा दमोह जिला कृषि और पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों के लिए जाना जाता है, किसानों को हर दिन की नई-नई चीजों के बारे में अधिक जानकारी दें, यह चीज़ किसानों तक पहुंचे जिससे किसान समृद्ध बन सकें, नई तकनीक का उपयोग कर सकें।

हरिशचंद्र पटैल, उप संचालक कृषि एवं आत्मा उप संचालक जे.एल. प्रजापति, मासाब भाव सिंह लोधी, नर्मदा एकता सिंह, गोपी लाल तंतुवाय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विकासखंड पथरिया के ग्राम सुजनीपर के हितग्राही राम यादव को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 404000 रूपये का अनुदान, ग्राम सिमरी सीता नगर के हितग्राही महेंद्र पटेल को कस्टम हायरिंग केंद्र के लिए 9 लाख अनुदान, ग्राम चिरोला के हितग्राही शंकर कुर्मी को स्प्रिंकलर के लिए 13307 रूपये का अनुदान ग्राम गूड़ा के हितग्राही निरपत को पाइप लाइन के लिए 15000 रूपये का अनुदान, विकासखंड तेंदूखेड़ा के ग्राम बहेरिया माल के हितग्राही अर्जुन गौंड को बायोगैस संयंत्र निर्माण के लिए 22000 रूपये का अनुदान, ग्राम ससना कला हितग्राही थम्मन सींग को बायोगैस संयंत्र निर्माण के लिए 22000 रूपये का अनुदान तथा विकासखंड हटा ग्राम घुटरिया के हितग्राही सोमनाथ को कस्टम हायरिंग केंद्र के लिए 9 लाख रूपये का अनुदान वितरित किया गया।

कार्यक्रम के प्राम्भ में पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने मंडी परिसर में लगाई गई एक जिला एक उत्पाद एवं आत्मा योजनांतर्गत कृषि विज्ञान मेले में लगे स्टालों पर पहुंचकर मेला के आकर्षण के बिंदुओं कृषि विशेषज्ञों के द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन, जैविक गांव का दर्शन, जैविक हाट जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती की प्रदर्शनी का जायजा लिया।

## अस्मिता हाकी लीगः रायसेन ने जबलपुर को हराया



**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे खेली जा रही अस्मिता महिला हॉकी प्रतियोगिता मे चार मैच खेले गये पहला मैच सब जूनियर वर्ग मे जबलपुर रायसेन के बीच खेला गया जिसमे उतार-चढ़ाव भरे मैच मे रायसेन ने शानदार प्रदर्शन कर फील्ड गोल कर तीन शून्य से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच गुना बैतूल के मध्य खेला गया जिसमे गुना कि टीम ने शानदार खेल खेला दो शून्य से विजय प्राप्त की। तीसरा मैच ग्वालियर सिवनी के मध्य खेला दोनो टीम ने उत्कर्षट प्रदर्शन किया। ग्वालियर की टीम ने जूनियर वर्ग मे सिवनी को तीन एक गोल से पराजित किया सब जूनियर वर्ग चौथा मैच ग्वालियर रायसेन के मध्य खेला गया। संघर्ष पूर्ण मैच मे ग्वालियर ने अनेक आक्रमण किये। रायसेन के गोल कीपर परिधी मेवार ने। शानदार बचाव किये ग्वालियर की टीम ने शानदार मूव बनाया तथा गोल कर एक गोल बढत बनाई। खिलाडियो से परिचय पहले मैच डा शोभा पाठक, सुजाता नायर, अंतिम मैच मे नगर पालिकाध्यक्ष मंजू वीरेंद्र राय, पार्षद कविता राय, पार्षद मिकी चंदेल से कराया। अतिथियो का स्वागत प्रदीप अग्रवाल, नितिन असार, विवियन राजकुमार दुबे, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, अल्ताफ खान, शैलेन्द्र ने किया। मैच मे ग्वालियर रायसेन के खिलाडियो के शानदार प्रदर्शन पर समाज सेवी चंदू राय, कैप्टन बाधवा ने एक-एक हजार रुपए की राशि प्रदान की। विकास जैन ने हॉकी प्रेमियो से उपस्थिती की अपील की।

## पंछियों के लिए की पानी की व्यवस्था



**बनवार।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही पीने के पानी के लिए पक्षी इधर-उधर भटकते रहते हैं पक्षियों के लिए पीने की पानी की व्यवस्था करते हुए अपने घर के सामने सकोरा टांगकर ग्राम रोड की चांदनी ठाकुर की इस पहल से पक्षियों के लिए राहत मिलेगी ग्राम रोड में चांदनी ठाकुर द्वारा पंछियों के लिए पानी पीने की व्यवस्था करना एक बहुत ही सराहनीय कदम है। यह न केवल पंछियों के लिए मददगार है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण के लिए भी एक अच्छा कदम है। जिससे सीख लेते हुए और भी लोग इस तरह की पहल करेंगे और हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करेंगे।

## विश्व जल दिवस पर ग्राम आनु में जल संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन



**हिण्डोरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में विकासखंड दमोह के सेक्टर बांदकपुर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आनु द्वारा नवांकुर संस्था के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल के सहयोग से विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी एवं शपथ का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम समन्वयक द्वारा बताया गया कि आज विश्व जल दिवस है जल संरक्षण को लेकर केवल भारत मे ही नहीं बल्कि समूचे विश्व मे लोग प्रयास कर रहे हैं।जल हमारे जीवन हेतु अनिवार्य संसाधन है। लेकिन जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण, अनियंत्रित जल दोहन,के कारण गंभीर जल समस्या बन चुकी है।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भदौली से मगन बाजपेयी द्वारा जल संकट की मुख्य समस्याओं एवं जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों एवं आधुनिक जल संरक्षण तकनीकों ,जन जागरूकता, जल संरक्षण में सामुदायिक की भूमिका को जरूरी बताते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी न होकर हर नागरिक का कर्तव्य है।इस अवसर पर उपस्थित युवाओं एवं ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर देवी राय,जीवन सिंह,सुनील तिवारी,रामकुमार सिंह ,ग्राम रोजगार सहायक वीरसिंह ,मिशन जन जागृति युवा मंडल कार्यक्रम समन्वयक के साथ बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।अंत मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आनु के जीवन सिंह द्वारा आभार व्यक्त कर सभी ग्रामवासियों से जल संरक्षण की अपील की।

**जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी न होकर हर नागरिक का कर्तव्य है-मगन बाजपेयी**

## विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, जल संरक्षण की ली गई शपथ



**पथरिया।** विश्व जल दिवस 2025 के अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था धरातल जन कल्याण विकास समिति, सेक्टर पथरिया द्वारा एक सप्ताह तक जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 मार्च को शासकीय महाविद्यालय पथरिया में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹पानी की आवश्यकता वायु की जरूरत के समान है उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और सतत जल प्रबंधन को अपनाएँ। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता पर नदियों संरक्षण के बात रखी, जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ₹पानी की मांग और आपूर्ति के संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें अपने व्यवहार में बदलाव लाना आवश्यक है उन्होंने जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। इस वर्ष विश्व जल दिवस 2025 की थीम ₹ग्लेशियर संरक्षण₹ है, जो ग्लेशियरों के सतत प्रबंधन और जल स्रोतों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। इस संदर्भ में प्रशासनिक अधिकारी गजेन्द्र नामदेव ने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ रही है, यदि समय रहते जल संरक्षण नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो सकता है।₹ उन्होंने औद्योगिक जल उपयोग, सड़क निर्माण और बिजली उत्पादन में जल की खपत पर चिंता व्यक्त की। धरातल जनकल्याण विकास समिति दिलीप पटेल ने वर्षा जल संचयन, तालाबों के गहरीकरण और जल संरक्षण के लिए बोरी बांधन, अटल भूजल योजना बात रख अन्य उपायों पर विचार साझा किए।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा ने सभी उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जल है तो जीवन है, इसे बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

## ब्लॉक स्तरीय जल चौपाल का बांदकपुर में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

विश्व जल दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय जल चौपाल का आयोजन बांदकपुर के स्थानीय रुद्र पैलेस में हुआ। इस कार्यक्रम में जल निगम के प्रबंधक मनोज राज ने बताया कि विश्व जल दिवस की शुरुआत ब्राजील के रियोडी जेनेरियो में वर्ष 1992 में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को आम लोगों तक पहुंचाना है। जल निगम के जनरल मैनेजर गौरव सराफ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी और जलकर के भुगतान की बात कही। वाटर एड के जिला समन्वयक विमल विश्वकर्मा ने भी ग्रामीणों के सवालों के जवाब दिए और निर्बाध जल आपूर्ति के बारे में जानकारी दी। मंच का सफल संचालन प्रतिभा चौरसिया के द्वारा किया गया इस अवसर पर वाटर एड के ब्लॉक समन्वयक आशीष ठाकुर हेमेंद्र चंदेल निजाम शाह ईश्वर चंद्र राजेंद्र गर्ग इंजीनियर शैलेंद्र सहित ग्राम के सरपंच सचिव रोजगार सहायक व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह कार्यक्रम जल संरक्षण के महत्व को समझाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। विश्व जल दिवस प्रतिवर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को विश्वभर में फैलाना है ।

## विशेष एलएमपी ट्रैकिंग डे में चार हजार महिलाओं को मिला परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और जन्मजात विकृतियों की रोकथाम के लिए हटा ब्लॉक में विशेष एलएमपी ट्रैकिंग डे का आयोजन किया गया। इस विशेष दिवस के तहत आशा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की 4000 से ज़्यादा महिलाओं से सीधा संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन, सुरक्षित गर्भधारण और गर्भावस्था की प्रारंभिक पहचान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान एक दिन में 183 से ज़्यादा नई गर्भवती महिलाओं को चिह्नित किया गया। आशा, आशा सुपरवाइजर, एएनएम एवं सीएचओ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष ट्रेकिंग का उद्देश्य गर्भावस्था का जल्दी पता लगाना है।



एलएमपी यानी महिला की आखिरी माहवारी की तारीख को ट्रैक करके गर्भावस्था का जल्द पता लगाया जा सकता है। इससे गर्भवती महिला को समय पर जरूरी परामर्श, पोषण और चिकित्सकीय देखभाल मिल पाती है, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### अभियान का उद्देश्य और निगरानी

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जन्मजात विकृति से बचाना है। माताओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। इन सभी आंकड़ों की निगरानी एवं क्रियान्वयन आशा सुपरवाइजर के माध्यम से बीसीएम देवेन्द्र ठाकुर ने की।

### मातृ मृत्यु को रोकने की रणनीति

हटा अस्पताल के सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने बताया कि लगातार गर्भधारण और कम अंतराल में बच्चे पैदा करने से माताओं और नवजातों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिससे मातृ मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए हम सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि धीरेंद्र गर्ग के साथ मिलकर मरने नहीं देंगे की रणनीति पर काम कर रहे हैं। यह विशेष एलएमपी ट्रैकिंग डे हर महीने आयोजित किया जाएगा।

नॉन स्टॉप बसे बाईपास से निकालने के लिए स्टाफ को किया निर्देशित

## बस स्टैंड पर अंदर लगेंगी यात्री बसें ऑटो स्टैंड भी अंदर ही होगा संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जबेरा बस स्टैंड का सौंदर्यकरण व बस स्टैंड को सुव्यवस्थित करने, बस स्टैंड का मार्केट चालू करने बीते कुछ दिन पूर्व लोगों की शिकायतों के आधार पर एसडीएम सौरव गंधर्व के निर्देशन में तहसीलदार सोनम पांडे के मार्गदर्शन व नायब तहसीलदार अटल विहारी बर्मा के नेतृत्व में बस स्टैंड का अतिक्रमण हटाया गया था परंतु बस स्टैंड का मलमा अभी तक नहीं हटाया गया था व बसे स्टैंड पर नहीं लग रही थी मुख्य मार्ग पर रुकती थी। यातायात व्यवस्था अवस्थित थी जिसको लेकर लगातार सड़क दुर्घटना घटित हो रही थी जिसको संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने स्टाप सहित पहुंचकर बस स्टैंड का शाम 5 बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस संचालकों को समझाइए दी गई। बस स्टैंड पर खड़े प्राइवेट वाहनो को हटाया गया।व ऑटो स्टैंड चालू करने की बात कही गई। इसके साथ ही मलमा के संबंध में सरपंच शिवलाल धुर्वे,सचिव कल्लू यादव से बातचीत की तत्काल ही जेसीबी की मदद से वहां का मलमा हटाया गया। जल्द से जल्द बस स्टैंड पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने हिदायत भी की बस स्टैंड पर यदि कोई भी वाहन पार्किंग करता है या प्राइवेट वाहन खड़ा करता है तो चालानी कार्रवाई की जावेगी। इसके साथ ही नॉनस्टॉप बसों को समझाइश दी गई की यहां पर स्टाप न होने की वजह से बाईपास से बाहर बसे निकाले ताकि सड़क दुर्घटना पर अंकुश लग सके। बस स्टैंड खाली होने से कल से यहां पर सभी बसे अंदर लगाई जाएगी व ऑटो स्टैंड भी यहीं पर संचालित होगा।

## सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न



**दमोह।** ब्लॉक पटेरा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल के निर्देशानुसार **RMNCH+A** पकार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों हेतु कलेक्टर महोदय एवं श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश अनुसार मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक बरौनिया के निर्देशन में सामु. स्वस्थ केंद्र पटेरा के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय सेक्टर समीक्षा बैठक का आयोजन सेक्टर लुहारी में किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भावस्था के दौरान प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन कर लक्ष्य के अनुसार सभी चारों जांच कर जो गर्भवती महिला उच्च जोखिम वाली है। ऐसी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर प्रत्येक माह है कि 9 एवं 25 तारीख को ब्लॉक स्तर पर लगने वाले कि विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से ब्लॉक स्तर पर रेफर कर विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच करवाने हेतु भेजा जाए किसके साथ ही पलायन वाली गर्भवती महिलाओं की जानकारी एवं प्रसव संस्थागत ही करने हेतु निर्देशित किया गया। शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु जन्म पंजीयन लक्ष्य के अनुसार कर **HBNC**, **HBYC**, **NRC**, पूर्ण टीकाकरण, एवं **RBSK** के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली गई समस्त कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण करने निर्देशित किया गया। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य दम्पति सर्वे कर आशा डायरी में मिशन परिवार विकास के अंतर्गत शिक्षा एवं अस्थाई साधनों को प्राप्त करने हेतु **FPLMIS** के माध्यम से इंडेंट करना एवं क्लाइंट टू इशू करने के लिए कहा गया मीटिंग के दौरान गर्भावस्था के समय होने वाली जाचों के साथ जी डी एम (**OGTT**) शुगर की की जा रही जांचों की जानकारी पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपडेट करें। साथ ही मलेरिया रक्त पट्टी /मलेरिया किट द्वारा लक्ष्य के अनुसार बुखार से पीड़ति लोगों की जाँच कर समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही दी जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं की लाइन लिस्टिंग कर समय अवधि में जमा करें। मीटिंग के दौरान ब्लॉक स्तर से बी. ई. ई. प्रमोद तंतुवाय,सेक्टर सुपरवाइजर कमोद अहिरवार, सी.एच.ओ.-विद्रावन पटेल, अंशवा राज, आराधना सालोमन,फिरोज खान, यशमीन खान, **ANM** -कोशिल्या बाल्मीकी, द्रोपती धुर्वे, मधु सोनी, प्रभा बड़गैयां, रागिनी चौरसिया,, प्रियंका यादव, आशा सहयोगी पुष्पा लोधी, ममता गुप्ता, जय श्री विदोल्या, रिहाना खान उपस्थित रहीं।

## वन समितियों को सामग्री का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शुक्रवार को तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बगदरी वन चौकी मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे वन समितियों को उनके 20%लाभस से ग्राम वन समितियों को सामूहिक भोजन बनाने के वर्तन प्रदान किये। ग्राम वन समिति तिपनी एवं केवलारी के सदस्यों को यह समाग्री प्रदान की है। सामग्री में एक बडा गंज, एक छोटा गंज,2 गंज के ढक्कन,2गंज की चम्मच,दो डोंगा, 2डोंगा चम्मच,1परात 10प्लेट 10गिलास, 10 चम्मच,10 गिलास एक कड़ाई,एक झारा अन्य वर्तन प्रदान किए गए कार्यक्रम में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल के द्वारा सामग्री प्रदान की गई इस कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि गुलाब सिंह (राजा गुबरा) नोने लाल अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह,अमन सिंह एवं समस्त ग्राम वासी इस कार्यक्रम मे मौजूद रहे समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को वनो को आग से कैसे बचाये इसका प्रशिक्षण भी दिया गया कार्यक्रम मे वन पाल बीडी सेन वनपाल बृजेश कौल सहित ग्रामवासी एवं वन विभाग का स्टाफ क्रार्यक्रम में मौजूद रहा।

**खबर संक्षेप**

## बूंदाबहू मंदिर में होगी शिवपुराण कथा

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर में 24मार्च से 28मार्च तक श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा का वाचन आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज करेंगे यह आयोजन बूंदाबहू भक्त मंडल द्वारा कराया जा रहा है कथा का वाचन प्रतिदिन दिन में 4बजे से रात्रि 7/30तक चलेगा समस्त नगरवासियो से कथा श्रवणार्थ उपस्थिति का आग्रह किया है।

## बकाया बिजली बिल के कनेक्शन काटे गए

**बनवार।** जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम बंशीपुर करौंदी सुरई ग्रामों में बकाया बिल राशि को लेकर वसूली अभियान चलाया, जिसमें 3 ग्रामों के 45 कनेक्शन काटे गए। विद्युत वितरण केंद्र जबेरा के जेई महेश कुमार महतो ने बताया अभियान के दौरान 2 मोटरसाइकिलें जप्त की गईं, लेकिन बाद में उपभोक्ताओं द्वारा राशि जमा करने पर उन्हें वापस कर दिया गया। इस अभियान में लगभग 80,000 रुपये की बकाया राशि जमा हुई।

## हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 10 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 के अंतर्गत शनिवार को 12वीं का बुक कीपिंग विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया। जिले में परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 692 दर्ज विद्यार्थियों में से 682 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दौरान एक भी नकल प्रकरण नहीं बना।

## दाम गिरने से किसानों ने टमाटर तोडना किये बंद, भाड़ा निकलना हुआ मुश्किल

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत गूढा में किसानों ने टमाटर तूडाई बंद कर दी है, क्योंकि दमोह सब्जी मंडी में टमाटर के दाम बहुत कम हो गए हैं। राजू पटेल, एक स्थानीय किसान ने बताया कि उन्होंने आधा एकड़ में टमाटर लगाया था, लेकिन अब टमाटर तूडाई और भाड़ा नहीं निकल रहा है, इसलिए वे खेतों में टमाटर तूडाई नहीं कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के साप्ताहिक हॉट बाजार में 10 के 4 किलो टमाटर भी नहीं बिक पा रहे हैं। यह समस्या न केवल गूढा में है, बल्कि अन्य जगहों पर भी टमाटर किसानों को कम दामों के कारण नुकसान हो रहा है। जबेरा जनपद क्षेत्र में भी टमाटर किसानों को इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।


## कुण्डलपुर प्रवेश पर हुई ऐतिहासिक अगवानी: प्रात: काल कोटा ग्राम में सर्व समाज ने किया भव्य स्वागत

# बड़े बाबा के दरबार में पहुंचे आचार्य श्री समय सागर जी

### मंगल अगवानी में उमड़ा जनसमूह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिला का सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि, महा समाधि धारक आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज का विशाल संघ के साथ भव्य मंगल पदार्पण हुआ। आचार्य संघ के साथ परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री अभयसागर जी महाराज ससंघ का भी भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह द्वारा आचार्य संघ की भव्य अगवानी की गई। 16 अप्रैल 2024 को कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण के पश्चात लगभग वर्ष भर बाद आचार्य श्री का प्रथम आगमन हुआ। जगह-जगह आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन, आरती, वंदन ,नमन किया गया। कुंडलपुर से 4 किलोमीटर दूरी पर कोटा ग्राम में आचार्य संघ की आहारचर्या हुई, सामायिक के उपरांत आचार्य संघ का मंगल विहार हुआ, बड़ी संख्या संख्या में लोग विहार में साथ चल रहे थे। रास्ते को तोरणद्वारों एवं रंगोली से सजाया गया। कुंडलपुर से आगे कटनी रोड पर विभिन्न क्षेत्र से आये मंडल वाद्य यंत्रों के साथ विहार मार्ग में शोभा बढ़ा रहे थे। हाथी, घोड़ा, जैन धर्म ध्वज लेकर युवा वर्ग, शिर पर कलश लेकर विभिन्न परिधानों में महिला मंडल ,बालिका मंडल दिव्य छटा विखेर रहे थे। टीकमगढ़ अहिंसारथ दिव्य घोष के कलाकार, गंजबासौदा दिव्य घोष,सर्वोदय बालिका मंडल हटा की बालिकाएं लेझम की खूबसूरत प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, रानी लक्ष्मीबाई का भेष धारण कर बालिकाएं घोड़े पर सवार, विभिन्न जगहों की पाठशालाओं के बच्चे मनमोहक प्रस्तुति दे रहे थे, अलग-अलग जगह से आए दिव्य घोष मंगल ध्वनि गुंजायमान कर रहे थे, मुड़िया बैंड पार्टी एवं डमरू पार्टी अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मनमोह रहे थे , दमोह जिला से बड़ी संख्या में महिला मंडलों की अलग-अलग प्रस्तुति जन आकर्षक का केंद्र रही। आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के साथ विशाल आचार्य संघ ,देश के कोने-कोने से पधारे श्रावक श्रेष्ठी जन, विशालजनसमूह, महिला वर्ग समूह विभिन्न नगरों ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालु भक्तगण, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी सदस्यगण, ब्रह्मचारी भैया ,दीदी जी, हथकरघा, पूर्णायु के भैया,कुंडलपुर स्टाफ आदि ने पाद प्रक्षालन कर आचार्य संघ की भव्य अगवानी की। आचार्य श्री ने ससंघ बड़े बाबा मंदिर पहुंचकर पूज्य बड़े बाबा के दर्शन किए।



### गुरू और प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा है तो आप श्रमण से कम नहीं है : आचार्य श्री

**दमोह।** कुण्डलपुर सिद्धक्षेत्र 2024 में ग्रीष्मकालीन समय को व्यतीत करके यहां से खजुराहो जाना हुआ वहां पर शांतिनाथ भगवान विराजमान थे उन्होने याद किया था कि इधर आ जाओ क्योंकि श्रमण लोगो की साधना जो होती है वह कोलाहल से रहित शांत वातावरण में होती है। वहीं पर बिना प्रयास के भी साधना बनती है। गुरूदेव को स्मरण लाते हुये वहां चातुर्मास व्यतीत किया। इसके बाद पुनः गये सतना वहां भी शांतिनाथ भगवान विराजमान थे। आचार्य गुरूदेव की जो भावना थी उस भावना को पूर्ण करने का मन हमारा भी हुआ। सतना समाज का जो उत्साह है गुरूदेव के प्रति वह देखते ही बनता है। सतना शहर में जो जिनालय है उसको क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने का कार्य शुरू हो चुका है। दो महीने के उपरांत पुनः भाव आया कि लौटकर के पुनः बडे बाबा के चरणों में चले। जिनेन्द्र भगवान की भक्ति समर्थ है, जो दुर्गति को मिटा करके मोक्ष रूपी लक्ष्मी को प्रदान करने वाली है। आप ध्यान करने की क्षमता नहीं रखते है कोई बाधा नहीं, किंतु यदि गुरू और प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा आप रखते है तो आप श्रमण से कम नहीं है। अतिश्योक्ति भले ही हो किंतु वस्तुतःश्रावक क्या कर सकता है, श्रमण तो साधना करता है, लेकिन श्रमण की सेवा भक्ति से श्रावक सातिश्य पुण्य का बंध कर सकता है। एक वह है जो क्षायिक सम्यदष्टि और श्रमण है इसके उपरांत भी तीर्थंकर प्रकति का बंध वह नियामक रूप से करे कोई नियामक नहीं तो वहीं अविरत गृहस्थ, क्षायिक सम्यदृष्टि भी नही है इसके उपरांत भी षोडशकारण भावना के माध्यम से भक्ति करके उसके जो निर्मल परिणाम होते है उनके निर्मल परिणामों के द्वारा वह तीर्थंकर प्रकृति का बंध भी कर सकता है। गुरूदेव को मार्ग प्रशस्त करके गये, उज्जवलता देकर गये है उसपर चलने की आवश्यकता है। हम क्या मार्ग प्रशस्त करेंगे, कुंदकुंद जैसे और कुंद कुंद का परिचय कराने वाले गुरूदेव उन्होने हम लोगो को जो मार्ग प्रशस्त किया, 50 साले से भी अधिक उन्होने साधना करके जो प्रकाश दिया है इसके उपरांत भी यदि हम उनको भूल करके मन के अनुरूप प्रवृत्ति करेंगे तो वह व्यक्ति चारों ओर से अंधकार में घिर सकता है। मोक्ष मार्ग सरल है, जटिल जरूर है, जटिल हो करके भी उसमें सरलता है बंधुओ, जो व्यक्ति अपने जीवन जितना सरल बनाने का प्रयास करता है वहीं बहुत जल्दी उन्नत हो सकता है। अपने जीवन को उन्नत बनाने के लिये ज्यादा शास्त्र पढने की, थोडा सा शास्त्राभ्यास कर लो उसके माध्यम से भी कल्याण हो सकता है। गुरूदेव के मुख से सुना है कि क्षु गणेश प्रसाद जी वर्णी हुये है वह कहा करते थे कि :- जानने के लिये तीन लोक है किंतु छोडने के लिये केवल तीन चीजे है - राग, द्वेष, मोह। ये चीजे छोड दी आपने तो पूरे विश्व को जानने की आपको कोई आवश्यकता नहीं। क्योंकि हेय उपादेय का परिज्ञान जिसको हो जाता है उसे ज्यादा जानने की आवश्यकता नहीं उसका तो कल्याण निश्चित है।











### कोटा में सर्वसमाज ने की भव्य अगवानी



**दमोह।** नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज की ससंघ मंगल अगवानी दमोह जिले में प्रवेश करने पर कोटा ग्राम में की गई। जैन मिलन शाखा पटेरा, जैन समाज पटेरा, युवा दिव्य घोष पटेरा, बालिका मंडल पटेरा, कोटा जैन समाज, कोटा के सभी धर्मो के प्रतिनिधि व आम जन मानस ने डी जे की धुन पर थिरकते हुये बडी संख्या में कोटा ने पहले सिद्धो के यहां से भव्य अगवानी कर कोटा में प्रवेश कराया। मुख्य बाजार में स्थित ग्राम पंचायत भवन में साधु संघ रूका। ग्राम पंचायत के बाहर सभी धर्मो के समर्थकों के समक्ष आचार्य श्री का अष्ट द्रव्य से पूजन किया गया। साधु संघ आदिनाथ मंदिर पहुंचा जहां से सभी साधु आहार के लिये निकले व आहार चर्या संपन्न हुई। कोटा वासियों के साथ ही बाहर से आये यात्रियों व कुंडलपुर कमेटी द्वारा भी चौका व्यवस्था कराई गई। सामायिक के पश्चात आचार्य श्री ने ससंघ कुण्डलपुर की ओर गमन कर दिया। सचिव संजय बडकुल ने सभी कोटा वासियों व पटेरा सहित अन्य स्थानों से पधारे अतिथियों का आभार माना। अगवानी करने वालों में अशोक बडकुल, नरेन्द्र बजाज, महेश जैन, राजेद्र राही, राजेन्द्र बजाज, नीलेश सराफ, पंकज जैन, अतुल चौधरी, प्रशांत सेठ, जिनेन्द्र बडकुल, संजय बडकुल, महेश सेठ, लक्ष्मीचंद, मोनू, कड़ोरी, विमल, अनिल, कोमलचंद, नरेन्द्र कुमार, पदम कोदूलाल सहित दिव्य घोष बालिका मंडल सहित क्षेत्र के सभी जैनेत्तर बंधु व अन्य स्थानों से स्वाजातीय बंधु शामिल रहे।

### धर्मशाला बनाने की घोषणा की

चंद्ररानी रेवती बाई दस प्रतिधारी ने एक मंदिर बनवाया है व उसी से लगी भूमि व अपनी अन्य भूमि से राशि देकर धर्मशाला बनवाने के लिये आचार्य श्री से आशीष मांगा। आचार्य श्री ने उन्हे आशीर्वाद दिया। जल्द ही कार्ययोजना बनाकर धर्मशाला बनाई जावेगी।

### सर्वसमाज को दिया उपदेश, मांसाहार, शराब का पूर्णतः त्याग करें, पशुओं का सरंक्षण करें

आचार्य श्री समय सागर जी ने कोटा में उपस्थित सर्व समाज के जनसमूह को प्रवचन देते हुये कहा कि यहां उपस्थित जनों में सभी धर्मो के मानने वाले है। आप श्री राम व श्री हनुमान के भक्त है। उन्होने कभी गौ हत्या या मांसाहार, शराब को पीने का उपदेश नहीं दिया। उसके बाद भी समाज मे यह विकृति कहां से आई। यह हमारा धर्म नहीं है। श्रीराम व अन्य सभी ने अहिंसा धर्म को ही अपनाया। अहिंसा धर्म में परोस्परोग्रहो जीवानाम कहा है। इसकी व्याख्या में कहा गया है कि सभी जीवों में परस्पर मैत्री होना। सूत्र में परस्परोग्रह जैना नाम नहीं कहा, जीवा नाम कहा किया सभी जीवों के प्रति मैत्री भाव रहना चाहिये। आचार्य श्री ने कहा कि पशुओं का सरंक्षण जरूरी है। आप गायों को पालते है उससे दध लेकर दही घी प्राप्त करते है पर उसका सरंक्षण नही करते। अतः सभी पशुओं का सरंक्षण करें। सभी शराब का मांस का त्याग करें। आचार्य श्री के वक्तव्य सुनकर, उनकी जीव दया व करूणामय भावों को जनसमूह ने तालियों के माध्यम से अपनी सहमति देते हुये जय जयकार किया।

# जिले में जितने भी ग्राम ओलावृष्टि से प्रभावित है, सभी जगह सर्वे हो जाये-कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा है जिले के कुछ क्षेत्र में ओलावृष्टि की घटना हुई है, उसके बाद हमारे सभी राजस्व अधिकारी, एस.डी.एम है, उनके नेतृत्व में तत्परता से फील्ड पर पहुंचकर एक आकलन किया, जायजा लिया, फसलों की प्रारंभिक क्या स्थिति है। उसके बाद आज सुबह से भी सभी अधिकारी इस काम में जुटे है, कुंडलपुर, कुड़ई, पटेरा क्षेत्र में जितने ग्राम प्रभावित है, उन सभी के लिए निर्देश दिए है, कि आज से सभी जगह सर्वे शुरू हो जाए।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सभी राजस्व अधिकारी, पटवारी भी फील्ड पर है, पूरी टीम लगी है। अब सबसे पहला काम है, सर्वे पूरा करने का तो सर्वे अगले 3-4 दिन में सभी खेतों का पूरा हो जायेगा। सर्वे पूरा होने के बाद वास्तविक स्थिति सामने आयेगी की किसका कितना नुकसान हुआ है,और उसके हिसाब से फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जब सर्वे किया जाता है, एक-एक खेत का तब पूरी वास्तविक स्थिति सामने आती है। कृषि विभाग के अधिकारी और राजस्व के अधिकारी दोनों की टीम बनाई गई है। यह टीम पूरा सर्वे करेगी, सर्वे करके एक वास्तविक आंकलन जो तकनीकी आधार पर होता है, वह सामने लायेगी और उसके बाद आगे कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी किसानों को आश्वस्त किया है की किसान बिल्कुल चिंता ना करें। सरकार, प्रशासन हमेशा उनके साथ है और जल्दी से जल्दी यह सर्वे का काम कंप्लीट कराएँगे ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।

### खेतो में फसल हानि का किया अवलोकन

**दमोह।** पटेरा के कुंडलपुर, फतेहपुर आदि क्षेत्रों में आकस्मिक हुई वारिश और ओलावृष्टि का आज प्रातः 11 बजे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पटेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर हरसम्भव मदद का भरोसा दिया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अधिकारियों और राजस्व अमले को खेतों में जाकर सर्वे के निर्देश दिए गए हैं, प्राथमिकता से सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसान बंधु बिल्कुल भी चिंतित ना हो। निरीक्षण के दौरान एक खेत तक कलेक्टर की गाड़ी नहीं पहुंच पाने की स्थिति में कलेक्टर स्थानीय नागरिक के साथ बाइक पर सवार हुए और खेत तक पँहुचे। भ्रमण के दौरान एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, पटेरा तहसीलदार राजेश सोनी सहित अन्य अधिकारी-कमर्चारीगण मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने खेतों में फसल का लिया जायजा

**दमोह ।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल आज अपने भ्रमण के दौरान ग्राम हिंगवानी पहुंचे, खेतों में लगी फसल का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से फसलों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एसडीएम निकेत चौरसिया, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। यहां से राज्य मंत्री श्री पटेल ग्राम धौराज पहुंचे। यहां पर पंचायत भवन में बैठकर ग्रामवासियों/ किसानों से चर्चा की, उनकी बातें व समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा मुझको जानकारी मिली थी कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कुछ ग्रामों में ओलावृष्टि हुई है, जिला कलेक्टर और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसी संबंध में खेतों का निरीक्षण किया है, कहीं-कहीं नुकसान नजर आया है, राजस्व अधिकारियों से कहा गया है, सर्वे रिपोर्ट बनाकर उसे सबमिट किया जाये। राज्यमंत्री आज ग्राम हिंगवानी में खेत में जाकर फसल का जायजा लिया और ग्राम धौराज में किसानों और ग्रामीणों से चर्चा की।

### ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति की मांग- रतनचंद जैन

**दमोह।** 23 मार्च 2025 को दमोह जिले में अचानक भी भारी ओलावृष्टि से दमोह जिले की किसानो को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है जिसकी क्षति पूर्ति हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन एवं पूर्व विधायक अजय टंडन ने हटा एवं पथरिया विधानसभा के अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रत्याशी रहे घनश्याम यादव, प्रदीप खटीक, रामेश्वर चौधरी, लक्ष्मण सिंह, पप्पू पटेल, राव बृजेंद्र, रत्नेश सोनी, राजेश राय ने आग्रह किया है कि अति शीघ्र किसानों के खेत खलियान का भ्रमण पर ओलावृष्टि से हुई फसलों की क्षति एवं कृषि से संबंधित क्षति का आकलन कारण निश्चित रिपोर्ट जिला कांग्रेस कार्यालय के कंट्रोल रूम प्रभारी वीरेंद्र सिंह राजपूत सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नंबर 9630163254 पर 3 दिवस के अंदर भेजना सुनिश्चित करें साथी जिला प्रशासन को किसानों की छतिपूर्ति का उचित मुआवजा दिलाया जा सके।

## जबेरा के कांटी में गिरे ओलों से फसलें ढेर



**बनवार।** जबेरा क्षेत्र में हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है, जिसके कारण किसानों ने नुकसान का सर्वे करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है।जबेरा क्षेत्र के कांटी शुक्रवार की शाम 6:35 मिनिट अचानक बदले मौसम के कारण, गेहूं, चना, सरसों और अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। जबेरा के कांटी निवासी भूरा पटेल ने बताया शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे ओलावृष्टि होने से करीब ढाई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल की बालियां टूट कर जमीन पर गिर गई है किसानों ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने और उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि जबेरा तहसील के कांटी से लगे गांवों बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसलें पककर तैयार होने से पहले ही खराब हो गई हैं। प्रभावित क्षेत्र का किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे करवाकर रिपोर्ट तैयार करने की मांग की है ताकि उन्हें सरकार द्वारा मुआवजा मिल सके।

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

**अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुरानी हो गई है। तीन वर्षों पूर्व 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। फुटकर में अच्छी क्वालिटी की दाल 120 से 130 में मिल रही है।**

बीते साल के अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत फुटकर में 180 रुपए थी बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी इसके अलावा दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढावो, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। मध्यप्रदेश सहित बुंदेलखंड में भी इसकी डिमांड ज्यादा है यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा हते हैं। इस साल जनवरी में जब अरहर की नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हो गए हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए लेकिन फिर भी राहत रही क्योंकि जो दाल फुटकर में 150 से 180 रुपए मिल रही थी वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब मार्च में इसके दाम थोक में 100 से 120 और फुटकर में 120 से 130 रुपए हो गए हैं। थोक में 120 रुपया वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है. वह फुटकर में 130 में मिल रही है जिससे अब मध्यम और गरीब वर्ग के लोगो को राहत मिली है।

# बूदाबहू मंदिर ट्रस्ट कमेटी में जिला न्यायालय द्वारा रिसीवर नियुक्त

### दमयंती नगर तहसीलदार होंगे ट्रस्ट कमेटी के रिसीवर, ट्रस्ट को किया भग

**दमोह।** जिले के प्रसिद्ध बंदा बहू मंदिर में ट्रस्ट कमेटी द्वारा की गई आर्थिक अनियमितताओ सहित करोड़ों रुपए के घोटाले की गई जांच के उपरांत एस डी एम के प्रतिवेदन के उपरांत जिला न्यायालय द्वारा इस मामले में आदेश करते हुए मंदिर ट्रस्ट कमेटी में रिसीवर नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में चंद्र गोपाल पौराणिक एवं अन्य के द्वारा शिकायत किए जाने पर कलेक्टर ने अनुबिभागीय अधिकारी दमोह को जांच किए जाने के निर्देश दिए थे जिसमें लाखों रुपए की आर्थिक अनिमितताओं को किए जाने की जांच प्रमाणित पाए जाने पर एसडीएम ने जिला न्यायाधीश को इस मामले में बूंदाबहू मंदिर में रिसीवर नियुक्त करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर जिला न्यायाधीश ने लगातार ही इस मामले में सभी तथ्यों पर दोनों पक्षों के तर्क वितर्क सुनने के उपरांत पाया गया कि तहसीलदार दमोह द्वारा जो जांच की गई थी और उस जांच को अनुबिभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा प्रतिवेदन सहित जिला न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस प्रारंभिक जांच में वित्तीय अनियमितता पाई गई थी और इस मामले में तहसीलदार दमयंती नगर को मंदिर की व्यवस्था हेतु रिसीवर नियुक्त करने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण के विचारण में समय लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता जिसमें प्रारंभिक रूप से एवं प्रथम दृष्टिया जांच में यह पाया गया कि श्री देव जानकी रमन बूदाबहू मंदिर ट्रस्ट कमेटी दमोह में आर्थिक अनियमिताएं हुई हैं। इस मामले में जांच लगने में समय भी लग सकता है। इस कारण से इस मंदिर में इस प्रकरण के निराकरण होने तक रिसीवर के रूप में दमयंती नगर तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त करने की अनुमति प्रदान जिला न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने एसडीएम दमोह को दी है।